**आपकी बढ़ती उम्र के साथ जिम्मेदारियाँ बढ़ती जाती हैं. इसलिए योजना बनाएँ और एसबीआई लाइफ – स्मार्ट शील्ड के साथ आगे बढ़ते रहें ताकि आपके प्रियजनों को आपकी बढ़ती उम्र के साथ बढ़ने वाले लाइफ कवर विकल्प के साथ सुरक्षित किया जा सके और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आप चिंताओं से मुक्त हो सकें. एसबीआई लाइफ – स्मार्ट शील्ड एक इंडिविजुअल, नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद है.**

## एसबीआई लाइफ – स्मार्ट शील्ड क्यों?

- किफायती लागत पर आपके परिवार के लिए आजीवन आर्थिक सुरक्षा की पुख्ता नींव रखता है.
- दो प्लान विकल्प ताकि आपको देनदारियों से मिले पूरी आज़ादी :
  - i) लेवल टर्म एश्योरेंस
  - ii) 5% प्रति वर्ष की सरल दर पर बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस
- जब आप बड़ी बीमाकृत राशि चुनते हैं तब प्रीमियम पर डिस्काउंट.
- आप कई तरह के अतिरिक्त राइडर्स में से चयन करके अपनी सुरक्षा की ज़रूरत को अपने अनुसार ढाल सकते हैं जैसे कि
  1. एसबीआई लाइफ – एक्सिडेंटल डेथ बेनिफिट राइडर (UIN: 111B015V03)
  2. एसबीआई लाइफ – एक्सिडेंटल टोटल एंड पर्मनेंट डिसेबिलिटी राइडर (UIN: 111B016V03)
- आयकर कानून 1961 के अंतर्गत विद्यमान नियमों के अनुसार कर लाभ*.

**कर लाभ आयकर कानूनों के अनुसार हैं और समय–समय पर बदलाव के अधीन हैं. कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें.*

**कृपया ध्यान दें : राइडर आश्वासित राशि मूल आश्वासित राशि से अधिक नहीं हो सकती. ये राइडर्स लेवल टर्म एश्योरेंस और बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस प्लान विकल्पों दोनों के साथ उपलब्ध हैं. राइडर्स के साथ लेवल कवर होगा भले ही उन्हें बढ़ते हुए टर्म एश्योरेंस के साथ चुना गया हो.**


## उदाहरण

35 वर्षीय श्री कुमार को हमेशा चिंता रहती है कि यदि उन्हें कुछ हो गया तो उनका परिवार आर्थिक स्वतंत्रता गँवा देगा क्योंकि अपने परिवार के लिए वे ही एकमात्र कमानेवाले सदस्य हैं. वे एसबीआई लाइफ – स्मार्ट शील्ड खरीदने की योजना बनाते हैं.

आइए देखें कि स्मार्ट शील्ड किस तरह से उनके परिवार की आर्थिक रूप से सुरक्षा कर सकता है.

श्री कुमार ने 30 वर्ष की अवधि के लिए ₹20,426 (लागू करों को छोड़कर) के वार्षिक प्रीमियम पर ₹50 लाख की आश्वासित राशि के साथ बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस चुना है.

**बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस**
**आरंभिक आश्वासित राशि : ₹50 लाख, वार्षिक प्रीमियम : ₹20,426/-**




उपरोक्त उदाहरण धूम्रपान न करने वाले पुरुष के लिए है

## प्लान पर एक नज़र

| | | |
|---|---|---|
| **प्रवेश पर आयु^** | **न्यूनतम :** 18 वर्ष | **अधिकतम :** 60 वर्ष |
| **परिपक्वता पर आयु^** | **अधिकतम :** 80 वर्ष | |
| **प्लान विकल्प** | • लेवल टर्म एश्योरेंस<br>• बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस | |
| **मूल आश्वासित राशि** (सिर्फ ₹1,00,000 के गुणकों में अनुमति) | **न्यूनतम :** ₹25,00,000 | **अधिकतम :** कोई सीमा नहीं<br>अधिकतम मूल आश्वासित राशि बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अधीन होगी |
| **पॉलिसी अवधि** | **न्यूनतम :** 5 वर्ष | **अधिकतम :** 80 वर्ष प्रवेश पर कम आयु |
| **प्रीमियम भुगतान अवधि** | एकल प्रीमियम (पॉलिसी के आरंभ में एक बार प्रीमियम)/नियमित प्रीमियम (पॉलिसी अवधि के समान) | |
| **प्रीमियम मोड** | एकल प्रीमियम (एसपी) या नियमित प्रीमियम (आरपी) (वार्षिक/अर्ध-वार्षिक/त्रैमासिक/मासिक#) | |
| **प्रीमियम आवृत्ति लोडिंग** | अर्ध-वार्षिक : वार्षिक प्रीमियम का 51.00%<br>त्रैमासिक : वार्षिक प्रीमियम का 26.00%<br>मासिक# : वार्षिक प्रीमियम का 8.50% | |
| **प्रीमियम राशि** | **न्यूनतम** :**<br>एकल प्रीमियम : ₹11,000<br>नियमित प्रीमियम :<br>वार्षिक : ₹3,000<br>अर्ध-वार्षिक : ₹1,500<br>त्रैमासिक : ₹750<br>मासिक# : ₹300 | **अधिकतम :**<br>यह बोर्ड द्वारा मान्य अंडरराइटिंग नीति के अनुसार प्रदान की जा रही आश्वासित राशि पर निर्भर होगा |

^आयु के सभी संदर्भ पिछले जन्मदिन पर आयु से हैं.

#मासिक भुगतान के लिए, 3 माह तक की प्रीमियम राशि अदा की जानी चाहिए. नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सिस्टम (ईसीएस) या स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन के ज़रिए (जहाँ भुगतान या तो बैंक खाते से सीधे डेबिट या क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जाता है).

मासिक सैलरी सेविंग स्कीम (एसएसएस) के लिए, 2 माह तक की प्रीमियम राशि अदा की जानी चाहिए और नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान की अनुमति केवल वेतन कटौती के ज़रिए है.

**दोनों प्लान विकल्पों के लिए, लेवल टर्म एश्योरेंस और बढ़ता हुआ टर्म एश्योरेंस.

## रियायतों की निषिद्धता

**समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :**

क) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.

ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रूपए तक हो सकता है.

**Toll-free No.:** 1800 267 9090 | SMS **'LIBERATE'** to 56161 | **Email:** info@sbilife.co.in | **Web:** www.sbilife.co.in
(Between 9.00 am & 9.00 pm)

एसबीआई लाइफ – स्मार्ट शील्ड एक इंडिविजुअल, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस प्योर रिस्क प्रीमियम उत्पाद है.

**फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :**
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज करें.

जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यान से पढ़ें. राइडर, नियमों और शर्तों पर अधिक विवरण के लिए कृपया राइडर विवरणिका पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 069. **IRDAI पंजीकरण संख्या 111** | CIN : L99999MH2000PLC129113.

NW/45/ver1/12/21/SP/HIN